कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता के शावक

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री के अनुसार, मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई चीता आशा ने इन तीन शावकों को जन्म दिया है।

- इस विकास को "प्रोजेक्ट चीता के लिये एक बड़ी सफलता" कहा जाता है।

मुख्य बिंदु:

- मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कुनो राष्ट्रीय उद्यान, जो नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों का घर है।
- भारत में प्रोजेक्ट चीता औपचारिक **रूप से 17 सितंबर, 2022** को चीतों की आबादी को बहाल करने के लिये शुरू किया गया था, जिन्हें **वर्ष 1952 में देश में विलुप्त घोषित** कर दिया गया था।
- भारत सरकार द्वारा बहुत सी वन्यजीव संरक्षण परियोजनाएँ शुरू की गई हैं जैसे:
  - प्रोजेक्ट टाइगर
  - प्रोजेक्ट एलीफेंट
  - प्रोजेक्ट गैंडा
  - मगरमच्छ संरक्षण परियोजना
  - गिद्ध परियोजना
  - प्रोजेक्ट रेड पांडा
  - गंगा नदी डॉल्फिन परियोजना
  - प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड
  - प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड

चीता (Cheetah)

सामान्य नाम: **एशियाई चीता**

वैज्ञानिक नाम: ***एसिनोनिक्स जुबेटस (Acinonyx jubatus)***

- *एसिनोनिक्स जुबेटस जुबेटस* (एशियाई चीता)
- *एसिनोनिक्स जुबेटस वेनाटिकस* (अफ्रीकी चीता)

विशेषताएँ:

- विश्व का सबसे तेज दौड़ने वाला स्तनधारी
- चीते अपनी क्षमता के बजाय गति के लिये जाने जाते हैं; जब ये अपने शिकार का पीछा करते हैं तो यह केवल **200-300** मीटर के लिये तथा **1** मिनट से कम अवधि का होता है।
- शेर, लकड़बग्घे और तेंदुए जैसे अन्य शक्तिशाली शिकारियों से प्रतिस्पर्द्धा से बचने के लिये चीते मुख्य रूप से दिन के दौरान शिकार करते हैं।

अफ्रीकी चीता बनाम एशियाई चीता:

- **अफ्रीकी:** हल्के भूरे और सुनहरे रंग की **त्वचा; एशियाई चीते से मोटी**
  - ***चेहरों पर धब्बों तथा रेखाओं की प्रधानता***
  - *पूरे अफ्रीका महाद्वीप में पाए जाते हैं*
  - ***IUCN रेडलिस्ट में स्थिति:* सुभेद्य (Vulnerable)**
- **एशियाई:** अफ्रीकी चीतों से थोड़े छोटे
  - ***हल्के पीले रंग की त्वचा: शरीर के नीचे विशेष रूप से पेट पर अधिक बाल***
  - ***केवल ईरान में पाए जाते हैं;*** *देश द्वारा यह दावा किया जाता है कि अब यहाँ केवल **12** चीते शेष हैं।*
- **वर्ष 1952:** एशियाई चीता को **आधिकारिक रूप से भारत से विलुप्त** घोषित किया गया
  - ***IUCN रेडलिस्ट में स्थिति:* घोर संकटग्रस्त (Critically Endangered)**

एशियाई चीता

अफ्रीकी चीता

भारत में चीतों का पुनर्वास:

- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की 19वीं बैठक में MoEF-CC** द्वारा **"भारत में चीता पुनर्वास के लिये कार्ययोजना"** जारी की गई थी। (जनवरी **2022**)
  - *इसी तरह की एक कार्ययोजना सर्वप्रथम वर्ष **2009** में प्रस्तावित की गई थी।*
- सितंबर **2022** में **नामीबिया से आठ चीतों को भारत में पुनर्वास हेतु लाया गया।**
  - *इन आठ चीतों को **मध्यप्रदेश के कुनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान** में स्थानांतरित किया जाएगा।*
- नामीबिया से भारत में चीतों का स्थानांतरण **विश्व भर में किसी बड़े मांसाहारी जानवर की पहली स्थानांतरण परियोजना है।**

DRISHTI IAS
दृष्टि The Vision

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cheetah-cubs-in-kuno-national-park